# प्रश्न बैंक I

## (पाठ्यपुस्तक- स्पर्श भाग 2)

### (गद्य खंड)

### स्पर्श पाठ-01 प्रेमचंद- बड़े भाई साहब

---

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए

1. छोटे भाई ने अपनी पढ़ाई का टाइम-टेबिल बनाते समय क्या-क्या सोचा और फिर उसका पालन क्यों नहीं कर पाया?

2. एक दिन जब गुल्ली-डंडा खेलने के बाद छोटा भाई बड़े भाई साहब के सामने पहुँचा तो उनकी क्या प्रतिक्रिया हुई?

3. बड़े भाई साहब को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पड़ती थीं?

4. बड़े भाई साहब छोटे भाई को क्या सलाह देते थे और क्यों?

5. छोटे भाई ने बड़े भाई साहब के नरम व्यवहार का क्या फायदा उठाया?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए -

6. बड़े भाई की डाँट-फटकार अगर न मिलती, तो क्या छोटा भाई कक्षा में अव्वल आता? अपने विचार प्रकट कीजिए।

7. इस पाठ में लेखक ने समूची शिक्षा के किन तौर-तरीकों पर व्यंग्य किया है? क्या आप उनके विचार से सहमत हैं?

8. बड़े भाई साहब के अनुसार जीवन की समझ कैसे आती है?

9. छोटे भाई के मन में बड़े भाई साहब के प्रति श्रद्धा क्यों उत्पन्न हुई?

10. बड़े भाई की स्वभावगत विशेषताएँ बताइए।

11. बड़े भाई साहब ने जिंदगी के अनुभव और किताबी ज्ञान में से किसे और क्यों महत्वपूर्ण कहा है?

12. बताइए पाठ के किन अंशों से पता चलता है कि -

छोटा भाई अपने भाई साहब का आदर करता है।

निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए -

13. इम्तिहान पास कर लेना कोई चीज नहीं, असल चीज है बुद्धि का विकास।

14. फिर भी जैसे मौत और विपत्ति के बीच भी आदमी मोह और माया के बंधन में जकड़ा रहता है, मैं फटकार और घुडकियाँ खाकर भी खेल-कूद का तिरस्कार न कर सकता था।

15. बुनियाद ही पुख्ता न हो, तो मकान कैसे पायेदार बने?

16. आँखें आसमान की ओर थीं और मन उस आकाशगामी पथिक की ओर, जो मंद गति से झूमता

Click here to buy Latest Educart Class 10 Books - https://amzn.to/4cw1M5E

पतन की ओर चला आ रहा था, मानो कोई आत्मा स्वर्ग से निकलकर विरक्त मन से नए संस्कार ग्रहण करने जा रही हो।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए -

17. बताइए पाठ के किन अंशों से पता चलता है कि -
भाई साहब को जिंदगी का अच्छा अनुभव है।

18. बताइए पाठ के किन अंशों से पता चलता है कि -
भाई साहब के भीतर भी एक बच्चा है।

19. बताइए पाठ के किन अंशों से पता चलता है कि -
भाई साहब छोटे भाई का भला चाहते हैं।

• प्रश्न-अभ्यास (मौखिक)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए -

20. कथा नायक की रुचि किन कार्यों में थी?

21. बड़े भाई साहब छोटे भाई से हर समय पहला सवाल क्या पूछते थे?

22. दूसरी बार पास होने पर छोटे भाई के व्यवहार में क्या परिवर्तन आया?

23. बड़े भाई साहब छोटे भाई से उम्र में कितने बड़े थे और वे कौन-सी कक्षा में पढ़ते थे?

24. बड़े भाई साहब दिमाग को आराम देने के लिए क्या करते थे?

• भाषा-अध्ययन

निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -

25. नसीहत, रोष, आजादी, राजा, ताजुब्ब

26. प्रेमचंद की भाषा बहुत पैनी और मुहावरेदार है। इसीलिए इनकी कहानियाँ रोचक और प्रभावपूर्ण होती हैं। इस कहानी में आप देखेंगे कि हर अनुच्छेद में दो-तीन मुहावरों का प्रयोग किया गया है। उदाहरणत : इन वाक्यों को देखिए और ध्यान से पढ़िए

• मेरा जी पढ़ने में बिलकुल न लगता था? एक घंटा भी किताब लेकर बैठना पहाड था।

• भाई साहब उपदेश की कला में निपुण थे? ऐसी-ऐसी लगती बातें कहते, ऐसे-ऐसे सूक्ति बाण चलाते कि मेरे जिगर के टुकडे-टुकडे हो जाते और हिम्मत टूट जाती?

• वह जानलेवा टाइम-टेबिल वह आँखफोड पुस्तकें किसी की याद न रहती और भाई साहब को नसीहत और फजीहत का अवसर मिल जाता?

निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए -

सिर पर नंगी तलवार लटकना, आड़े हाथों लेना, अंधे के हाथ बटेर लगना, लोहे के चने चबाना, दाँतों पसीना आना, ऐरा-गैरा नत्थू खैरा।

Click here to buy Latest Educart Class 10 Books - https://amzn.to/4cw1M5E

**27.** निम्मलिखित तत्सम, तद्भव, देशी, आगत शब्दों को दिए गए उदाहरणों के आधार पर छाँटकर लिखिए।

तत्सम तद्भव देशज आगत (अंग्रेजी एवं उर्दू/अरबी:फारसी)

जन्मसिद्ध, आँख, दाल- भात, पोजीशन, फजीहत

तालीम, जल्दबाजी, पुख्ता ,हाशिया, चेष्टा, जमात, हर्फ, सूक्तिबाण, जानलेवा, आँखफोड, घुडकियाँ, आधिपत्य, पन्ना, मेला - तमाशा, मसलन, स्पेशल, स्कीम, फटकार, प्रात :काल, विद्‍वान, निपुण, भाई साहब, अवहेलना, टाइम – टेबिल

**28.** क्रियाएँ मुख्यत : दो प्रकार की होती हैं - सकर्मक और अकर्मक।

सकर्मक क्रिया - वाक्य में जिस क्रिया के प्रयोग में कर्म की अपेक्षा रहती है, उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं;

जैसे - शीला ने सेब खाया।

मोहन पानी पी रहा है।

अकर्मक क्रिया - वाक्य में जिस क्रिया के प्रयोग में कर्म की अपेक्षा नहीं होती, उसे अकर्मक क्रिया कहते हैं;

जैसे - शीला हँसती है।

बच्चा रो रहा है।

नीचे दिए वाक्यों में कौन - सी क्रिया है - सकर्मक या अकर्मक? लिखिए

(क) उन्होंने वहीं हाथ पकड़ लिया।
(ख) फिर चोरों-सा जीवन कटने लगा।
(ग) शैतान का हाल भी पढ़ा ही होगा।
(घ) मैं यह लताड़ सुनकर आँसू बहाने लगता।
(ङ) समय की पाबंदी पर एक निबंध लिखो।
(च) मैं पीछे - पीछे दौड़ रहा था।

**29.** 'इक' प्रत्यय लगाकर शब्द बनाइए -

विचार, इतिहास, संसार, दिन, नीति, प्रयोग, अधिकार

Click here to buy Latest Educart Class 10 Books - https://amzn.to/4cw1M5E

## स्पर्श पाठ-3 लीलाधर मंडलोई- तंतारा वामीरो की कथा

---

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए -

1. तताँरा की तलवार के बारे में लोगों का क्या मत था?
2. वामीरो ने तताँरा को बेरुखी से क्या जवाब दिया।
3. तताँरा-वामीरो की त्यागमयी मृत्यु से निकोबार में क्या परिवर्तन आया?
4. निकोबार के लोग तताँरा को क्यों पसंद करते थे?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए -

5. निकोबार द्वीपसमूह के विभक्त होने के बारे में निकोबारियों का क्या विश्वास है?
6. तताँरा खूब परिश्रम करने के बाद कहाँ गया? वहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।
7. वामीरो से मिलने के बाद तताँरा के जीवन में क्या परिवर्तन आया?
8. प्राचीन काल में मनोरंजन और शक्ति-प्रदर्शन के लिए किस प्रकार के आयोजन किए जाते थे?

9. रूढियाँ जब बंधन बन बोझ बनने लगें तब उनका टूट जाना ही अच्छा है। क्यों? स्पष्ट कीजिए।

निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए -

10. जब कोई राह न सूझी तो क्रोध का शमन करने के लिए उसमें शक्ति भर उसे धरती में घोंप दिया और ताकत से उसे खींचने लगा।
11. बस आस की एक किरण थी जो समुद्र की देह पर डूबती किरणों की तरह कभी भी डूब सकती थी।

• प्रश्न-अभ्यास (मौखिक)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए -

12. तताँरा-वामीरो कहाँ की कथा है?
13. वामीरो अपना गाना क्यों भूल गई?
14. तताँरा ने वामीरो से क्या याचना की?
15. तताँरा और वामीरो के गाँव की क्या रीति थी?
16. क्रोध में तताँरा ने क्या किया?

• भाषा अध्ययन

17. निम्नलिखित वाक्यों के सामने दिए कोष्ठक में ( √ ) का चिन्ह लगाकर बताएँ कि वह वाक्य किस प्रकार का है -

(क) निकोबारी उसे बेहद प्रेम करते थे। (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)

(ख) तुमने एकाएक इतना मधुर गाना अधूरा क्यों छोड़ दिया? (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)

(ग) वामीरो की माँ क्रोध में उफन उठी। (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)

Click here to buy Latest Educart Class 10 Books - https://amzn.to/4cw1M5E

(घ) क्या तुम्हें गाँव का नियम नहीं मालूम? (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)
(ङ) वाह! कितना सुंदर नाम है। (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)
(च) मैं तुम्हारा रास्ता छोड़ दूँगा। (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)

18. निम्नलिखित मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए -
(क) सुध-बुध खोना
(ख) बाट जोहना
(ग) खुशी का ठिकाना न रहना
(घ) आग बबूला होना
(ङ) आवाज उठाना

19. नीचे दिए गए शब्दों में से मूल शब्द और प्रत्यय अलग करके लिखिए -
चर्चित
साहसिक
छटपटाहट
शब्दहीन

20. नीचे दिए गए शब्दों में उचित उपसर्ग लगाकर शब्द बनाइए-
............. + आकर्षक = ....................
............. + ज्ञात = ....................
............. + कोमल = ....................
............. + होश = ....................
............. + घटना = ....................

21. वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए -
(क) जीवन में पहली बार मैं इस तरह विचलित हुआ हूँ। (मिश्र वाक्य)
(ख) फिर तेज कदमों से चलती हुई तताँरा के सामने आकर ठिठक गई। (संयुक्त वाक्य)
(ग) वामीरो कुछ सचेत हुई और घर की तरफ दौड़ी। (सरल वाक्य)
(घ) तताँरा को देखकर वह फूटकर रोने लगी। (संयुक्त वाक्य)
(ङ) रीति के अनुसार दोनों को एक ही गाँव का होना आवश्यक था। (मिश्र वाक्य)

22. नीचे दिए गए वाक्य पढ़िए तथा 'और' शब्द के विभिन्न प्रयोगों पर ध्यान दीजिए -
(क) पास में सुंदर <u>और</u> शक्तिशाली युवक रहा करता था। (दो पदों को जोड़ना)
(ख) वह कुछ <u>और</u> सोचने लगी। ('अन्य' के अर्थ में)
(ग) एक आकृति कुछ साफ हुई... कुछ <u>और</u>... कुछ <u>और</u>... (क्रमश : धीरे - धीरे के अर्थ में)
(घ) अचानक वामीरो कुछ सचेत हुई <u>और</u> घर की तरफ दौड़ गई। (दो उपवाक्यों को जोड़ने के अर्थ में)
(ङ) वामीरो का दुख उसे <u>और</u> गहरा कर रहा था। ('अधिकता' के अर्थ में)
(च) उसने थोड़ा <u>और</u> करीब जाकर पहचानने की चेष्टा की। (' निकटता ' के अर्थ में)

23. नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए -
भय, मधुर, सभ्य, मूक, तरल, उपस्थिति, सुखद।

Click here to buy Latest Educart Class 10 Books - https://amzn.to/4cw1M5E

24. नीचे दिए गए शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए - समुद्र, आँख, दिन, अँधेरा, मुक्त।

25. नीचे दिए गए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए -

किंकर्तव्यविमूढ ,विह्वल , भयाकुल, याचक, आकंठ।

26. किसी तरह आँच रहित एक ठंडा और ऊबाऊ दिन गुजरने लगा ' वाक्य में दिन के लिए किन-किन विशेषणों का प्रयोग किया गया है? आप दिन के लिए कोई तीन विशेषण और सुझाइए।

27. इस पाठ में ' देखना ' क्रिया के कई रूप आए हैं ' देखना ' के इन विभिन शब्द प्रयोगों में क्या अंतर है? वाक्य प्रयोग द्वारा स्पष्ट कीजिए।

इसी प्रकार ' बोलना ' क्रिया के विभिन शब्द प्रयोग बताइए -

28. नीचे दिए गए वाक्यों को पढ़िए -

(क) श्याम का बड़ा भाई रमेश कल आया था। (संज्ञा पदबंध)

(ख) सुनीता परिश्रमी और होशियार लड़की है। (विशेषण पदबंध)

(ग) अरुणिमा धीरे-धीरे चलते हुए वहाँ जा पहुँची। (क्रिया विशेषण पदबंध)

(घ) आयुष सुरभि का चुटकुला सुनकर हँसता रहा। (क्रिया पदबंध)

ऊपर दिए गए वाक्य (क) में रेखांकित अंश में कई पद हैं जो एक पद संज्ञा का काम कर रहे हैं। वाक्य (ख) में तीन पद मिलकर विशेषण पद का काम कररहे हैं। वाक्य (ग) और (घ) में कई पद मिलकर क्रमश: क्रिया विशेषण और क्रिया का काम कर रहे हैं।

ध्वनियों के सार्थक समूह को शब्द कहते हैं और वाक्य में प्रयुक्त शब्द ' पद ' कहलाता है; जैसे - ' पेड़ों पर पक्षी चहचहा रहे थे। ' वाक्य में ' पेड़ों ' शब्द पद है क्योंकि इसमें अनेक व्याकरणिक बिंदु जुड़ जाते हैं। कई पदों के योग से बने वाक्यांश को जोएक ही पद का काम करता है, पदबंध कहते हैं। पदबंध वाक्य का एक अंश होता है।

पदबंध मुख्य रूप से चार प्रकार के होते हैं -

- संज्ञा पदबंध -क्रिया पदबंध

- विशेषण पदबंध - क्रिया विशेषण पदबंध

वाक्यों के रेखांकित पदबंधों का प्रकार बताइए -

(क) उसकी कल्पना में वह एक अद्भुत साहसी युवक था।

(ख) तताँरा को मानो कुछ होश आया।

(ग) वह भागा-भागा वहाँ पहुँच जाता।

(घ) ततााँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी।

(ङ) उसकी व्याकुल आँखें वामीरो को ढूँढने में व्यस्त थीं।

Click here to buy Latest Educart Class 10 Books - https://amzn.to/4cw1M5E

## स्पर्श पाठ-6 निदा फ़ाज़ली-अब कहाँ दुसरे के दुःख में दुखी होने वाले

---

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए-

1. अरब में लशकर को नूह के नाम से क्यों याद करते हैं?
2. लेखक की माँ किस समय पेड़ों के पत्ते तोड़ने के लिए मना करती थीं और क्यों?
3. प्रकृति में आए असंतुलन का क्या परिणाम हुआ?
4. लेखक की माँ ने पूरे दिन का रोज़ा क्यों रखा?
5. लेखक ने ग्वालियर से बंबई तक किन बदलावों को महसूस किया? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
6 . 'डेरा डालने' से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए।
7. शेख अयाज़ के पिता अपने बाजू पर काला च्योंटा रेंगता देख भोजन छोड़ कर क्यों उठ खड़े हुए?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए

8. बढ़ती हुई आबादी का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ा?
9. लेखक की पत्नी को खिड़की में जाली क्यों लगवानी पड़ी?
10. समुद्र के गुस्से की क्या वजह थी? उसने अपना गुस्सा कैसे निकाला?
11. 'मट्टी से मट्टी मिले,

खो के सभी निशान,

किसमें कितना कौन है

कैसे हो पहचान'

इन पंक्तियों के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है? स्पष्ट कीजिए।

निम्नलिखित वाक्यों के आशय स्पष्टकीजिए

12.नेचर की सहनशक्ति की एक सीमा होती है। नेचर के गुस्से का एक नमूना कुछ साल पहले बंबई में देखने को मिला था।

13. जो जितना बड़ा होता है उसे उतना ही कम गुस्सा आता है।

14. इस बस्ती ने न जाने कितने परिंदों-चरिंदों से उनका घर छीन लिया है। इनमें से कुछ शहर छोड़कर चले गए हैं जो नहीं जा सके हैं उन्होंने यहाँ-वहाँ डेरा डाल लिया है।

15 . शेख अयाज के पिता बोले, 'नहीं, यह बात नहीं है। मैंने एक घरवाले को बेघर कर दिया है। उस बेघर को कुएँ पर उसके घर छोड़ने जा रहा हूँ।' इन पंक्तियों में छिपी हुई उनकी भावना को स्पष्ट कीजिए।

• प्रश्नअभ्यास (मौखिक)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए-

16. बड़े-बड़े बिल्डर समुद्र को पीछे क्यों धकेल रहे थे?

Click here to buy Latest Educart Class 10 Books - https://amzn.to/4cw1M5E

17. लेखक का घर किस शहर में था?

18. जीवन कैसे घरों में सिमटने लगा है?

19. कबूतर परेशानी में इधरउधर क्यों फड़फड़ा रहे थे?

• भाषाअध्ययन

20. उदाहरण के अनुसार निम्नलिखित वाक्यों में कारक चिहनो को पहचानकर रेखांकित कीजिए और उनके नाम रिक्त स्थानों में लिखिए; जैसे

(क) माँ ने भोजन परोसा। कर्ता

(ख) मैं किसी के लिए मुसीबत नहीं हूँ।

(ग) मैंने एक घर वाले को बेघर कर दिया।

(घ) कबूतर परेशानी में इधरउधर फड़फड़ा रहे थे।

(ङ) दरिया पर जाओ तो उसे सलाम किया करो।

20. नीचे दिए गए शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए

चींटी, घोड़ा, आवाज, बिल, फौज, रोटी, बिंदु, दीवार, टुकड़ा।

21. ध्यान दीजिए नुक्ता लगाने से शब्द के अर्थ में परिवर्तन हो जाता है। पाठ में 'दफा' शब्द का प्रयोग हुआ है जिसका अर्थ होता हैबार (गणना संबंधी), कानून संबंधी। यदि इस शब्द में नुक्ता लगा दिया जाए तो शब्द बनेगा ' दफ़ा ' जिसका अर्थ होता हैदूर करना, हटाना। यहाँ नीचे कुछ नुक्तायुक्त और नुक्तारहित शब्द दिए जा रहे हैं उन्हें ध्यान से देखिए और अर्थगत अंतर को समझिए।

सजा सज़ा नाज नाज़

जरा ज़रा तेज तेज़

निम्नलिखित वाक्यों में उचित शब्द भरकर वाक्य पूरे कीजिए

(क) आजकल.... बहुत खराब है। (जमाना/ज़माना)

(ख) पूरे कमरे को...... दो। (सजा/सज़ा)

(ग) ...... चीनी तो देना। (जरा/ज़रा)

(घ) माँ दही.......भूल गई। (जमाना/ज़माना)

(ङ) दोषी को.......दी गई। (सजा/सज़ा)

(च) महात्मा के चेहरे पर...... था। (तेज/तेज़)

Click here to buy Latest Educart Class 10 Books - https://amzn.to/4cw1M5E

## स्पर्श पाठ-8 हबीब तनवीर (कारतूस)

---

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए -

1. वज़ीर अली के अफसाने सुनकर कर्नल को रॉबिनहुड की याद क्यों आ जाती थी?
2. सआदत अली कौन था? उसने वज़ीर अली की पैदाइश को अपनी मौत क्यों समझा?
3. सआदत अली को अवध के तख़्त पर बिठाने के पीछे कर्नल का क्या मकसद था?
4. कंपनी के वकील का कत्ल करने के बाद वज़ीर अली ने अपनी हिफाजत कैसे की?
5. सवार के जाने के बाद कर्नल क्यों हक्का-बक्का रह गया?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए -

6. लेफ्टीनेंट को ऐसा क्यों लगा कि कंपनी के खिलाफ़ सारे हिंदुस्तान में एक लहर दौड़ गई है?
7. वज़ीर अली ने कंपनी के वकील का कत्ल क्यों किया?
8. सवार ने कर्नल से कारतूस कैसे हासिल किए?
9. वज़ीर अली एक जाँबाज सिपाही था, कैसे? स्पष्ट कीजिए।

निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए -

10. मुट्ठीभर आदमी और ये दमखम।
11. गर्द तो ऐसे उड़ रही है जैसे कि पूरा एक काफिला चला आ रहा हो मगर मुझे तो एक ही सवार नज़र आता है।

प्रश्न-अभ्यास (मौखिक)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए -

12. कर्नल कालिंज का खेमा जंगल में क्यों लगा हुआ था?
13 .वज़ीर अली से सिपाही क्यों तंग आ चुके थे?

14. कर्नल ने सवार पर नज़र रखने के लिए क्यों कहा?
15. सवार ने क्यों कहा कि वज़ीर अली की गिरफ़्तारी बहुत मुश्किल है?

>भाषा-अध्ययन

निम्नलिखित शब्दों का एक-एक पर्याय लिखिए -

16. खिलाफ़, पाक, उम्मीद, हासिल, कामयाब, वजीफ़ा, नफ़रत, हमला, इंतेज़ार, मुमकिन।
17. निम्नलिखित मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

आँखों में धूल झोंकना, कूट-कूट कर भरना, काम तमाम कर देना, जान बख्श देना, हक्का-बक्का रह जाना।

Click here to buy Latest Educart Class 10 Books - https://amzn.to/4cw1M5E

18. कारक वाक्य में संज्ञा या सर्वनाम का क्रिया के साथ सम्बन्ध बताता है। निम्नलिखित वाक्यों में कारकों को रेखांकित कर उनके नाम लिखिए -

(क) जंगल की ज़िंदगी बड़ी खतरनाक होती है।

(ख) कंपनी के खिलाफ़ सारे हिन्दुस्तान में एक लहर दौड़ गई।

(ग) वज़ीर को उसके पद से हटा दिया गया।

(घ) फ़ौज के लिए कारतूस की आवश्यकता थी।

(ङ) सिपाही घोड़े पर सवार था।

19. क्रिया का लिंग और वचन सामान्यत: कर्ता और कर्म के लिंग और वचन के अनुसार निर्धारित होता है। वाक्य में कर्ता और कर्म के लिंग, वचन और पुरुष के अनुसार जब क्रिया के लिंग, वचन आदि में परिवर्तन होता है तो उसे अन्विति कहते हैं।

क्रिया के लिंग, वचन में परिवर्तन तभी होता है जब कर्ता या कर्म परसर्ग रहित हों;

जैसे -

<u>सवार</u> कारतूस माँग रहा था ।(कर्ता के कारण)

सवार ने <u>कारतूस</u> माँगे। (कर्म के कारण)

कर्नल <u>ने</u> वज़ीर अली <u>को</u> नहीं पहचाना। (यहाँ क्रिया कर्ता और कर्म किसी के भी कारण प्रभावित नहीं है)

अत : कर्ता और कर्म के परसर्ग सहित होने पर क्रिया कर्ता और कर्म में से किसी के भी लिंग और वचन से प्रभावित नहीं होती और वह एकवचन पुल्लिंग में ही प्रयुक्त होती है। नीचे दिए गए वाक्यों में ' ने ' लगाकर उन्हें दुबारा लिखिए -

(क) घोड़ा पानी पी रहा था।

(ख) बच्चे दशहरे का मेला देखने गए।

(ग) रॉबिनहुड गरीबों की मदद करता था।

(घ) देशभर के लोग उसकी प्रशंसा कर रहे थे।

20. निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाइए -

(क) कर्नल ने कहा सिपाहियों इस पर नज़र रखो ये किस तरफ़ जा रहा है

(ख) सवार ने पूछा आपने इस मकाम पर क्यों खेमा डाला है इतने लावलश्कर की क्या ज़रूरत है

(ग ) खेमे के अंदर दो व्यक्ति बैठे बातें कर रहे थे चाँदनी छिटकी हुई थी और बाहर सिपाही पहरा दे रहे थे एक व्यक्ति कह रहा था दुश्मन कभी भी हमला कर सकता है

Click here to buy Latest Educart Class 10 Books - https://amzn.to/4cw1M5E

## स्पर्श पद्य पाठ-01 कबीर [पद]

---

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

1. मीठी वाणी बोलने से औरों को सुख और अपने तन को शीतलता कैसे प्राप्त होती है?
2. दीपक दिखाई देने पर अँधियारा कैसे मिट जाता है? साखी के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए।
3. ईश्वर कण-कण में व्याप्त है, पर हम उसे क्यों नहीं देख पाते?
4. संसार में सुखी व्यक्ति कौन है और दुखी कौन ? यहाँ 'सोना' और 'जागना' किसके प्रतीक हैं? इसका प्रयोग यहाँ क्यों किया गया है? स्पष्ट कीजिए।
5. अपने स्वभाव को निर्मल रखने के लिए कबीर ने क्या उपाय सुझाया है?
6. 'ऐकै अषिर पीव का, पढ़ै सु पंडित होई' - इस पंक्ति द्वारा कवि क्या कहना चाहता है?
7. कबीर की उद्धृत साखियों की भाषा की विशेषता स्पष्ट कीजिए।
8. निम्नलिखित का भाव स्पष्ट कीजिए -

बिरह भुवंगम तन बसै, मंत्र न लागै कोइ।

9. कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूँढे बन माँहि।
10. जब मैं था तब हरि नहीं, अब हरि हैं मैं नाँहि।

11. पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुवा, पंडित भया न कोइ।

• भाषा-अध्ययन

12. पाठ में आए निम्नलिखित शब्दों के प्रचलित रुप उदाहरण के अनुसार लिखिए -

उदाहरण - जिवै - जीना

औरन, माँहि, देख्या, भुवंगम, नेड़ा, आँगणि, साबण, मुवा, पीव, जालौं, तास।

Click here to buy Latest Educart Class 10 Books - https://amzn.to/4cw1M5E

## स्पर्श पद्य पाठ-02 मीरा [पद]

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

**1. पहले पद में मीरा ने हरि से अपनी पीड़ा हरने की विनती किस प्रकार की है?**

**2. दूसरे पद में मीराबाई श्याम की चाकरी क्यों करना चाहती हैं? स्पष्ट कीजिए।**

**3. मीराबाई ने श्रीकृष्ण के रूप-सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है?**

**4. मीराबाई की भाषा शैली पर प्रकाश डालिए।**

**5. वे श्रीकृष्ण को पाने के लिए क्या-क्या कार्य करने को तैयार हैं?**

**निम्नलिखित पंक्तियों का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए -**

**1. हरि आप हरो जन री भीर।**
**द्रोपदी री लाज राखी, आप बढ़ायो चीर।**
**भगत कारण रूप नरहरि, धरयोआप सरीर।**

**2. बूढ़तो गजराज राख्यो, काटी कुण्जर पीर।**
**दासी मीराँ लाल गिरधर, हरो म्हारी भीर।**

**3. चाकरी में दरसण पास्यूँ, सुमरण पास्यूँ खरची।**
**भाव भगती जागीरी पास्यूँ, तीनूं बाताँ सरसी।**

**• भाषा अध्ययन**

**4. उदाहरण के आधार पर पाठ में आए निम्नलिखित शब्दों के प्रचलित रूप लिखिए -**

उदाहरण - भीर - पीड़ा, कष्ट, दुख

री - की

चीर -

बूढ़ता -

धारयो -

लगास्यूँ -

कुंजर -

घणा -

बिन्दराव -

सरसी -

रहज्यूँ -

हिवडा -

राख –

Click here to buy Latest Educart Class 10 Books - https://amzn.to/4cw1M5E

## स्पर्श पद्‌य पाठ-04
## मैथिलीशरण गुप्त [मनुष्यता]

---

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

1. कवि ने कैसी मृत्यु को सुमृत्यु कहा है?

2. उदार व्यक्ति की पहचान कैसे हो सकती है?

3. कवि ने दधीचि कर्ण, आदि महान व्यक्तियों का उदाहरण देकर "मनुष्यता" के लिए क्या संदेश दिया है?

4. कवि ने किन पंक्तियों में यह व्यक्त किया है कि हमें गर्व-रहित जीवन व्यतीत करना चाहिए?

5. "मनुष्य मात्र बंधु है" से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए।

6. कवि ने सबको एक होकर चलने की प्रेरणा क्यों दी है?

7. व्यक्ति को किस प्रकार का जीवन व्यतीत करना चाहिए? इस कविता के आधार पर लिखिए।

8. "मनुष्यता" कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है?

निम्नलिखित का भाव स्पष्ट कीजिए -

9. सहानुभूति चाहिए, महाविभूति है यही;
वशीकृता सदैव है बनी हुई स्वयं मही।
विरुद्धवाद बुद्ध का दया-प्रवाह में बहा,
विनीत लोकवर्ग क्या न सामने झुका रहा?

10. रहो न भूल के कभी मदांध तुच्छ वित्त में,
सनाथ जान आपको करो न गर्व चित्त में।
अनाथ कौन है यहाँ? त्रिलोकनाथ साथ हैं,
दयालु दीनबंधु के बड़े विशाल हाथ हैं।

11. चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए,
विपत्ति, विघ्न जो पड़ें उन्हें ढकेलते हुए।
घटे न हेलमेल हाँ, बढ़े न भिन्नता कभी,
अतर्क एक पंथ के सतर्क पंथ हों सभी।

Click here to buy Latest Educart Class 10 Books - https://amzn.to/4cw1M5E

## स्पर्श पद्य पाठ-05
## सुमित्रानंदन पंत [पर्वत प्रदेश में पावस]

---

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

1. पावस ऋतु में प्रकृति में कौन-कौन से परिवर्तन आते हैं? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
2. 'मेखलाकार' शब्द का क्या अर्थ है? कवि ने इस शब्द का प्रयोग यहाँ क्यों किया है?
3. 'सहस्र दृग-सुमन' से क्या तात्पर्य है? कवि ने इस पद का प्रयोग किसके लिए किया होगा?
4. कवि ने तालाब की समानता किसके साथ दिखाई है और क्यों?
5. पर्वत के हृदय से उठकर ऊँचे-ऊँचे वृक्ष आकाश की ओर क्यों देख रहे थे और वे किस बात को प्रतिबिंबित करते हैं?
6. शाल के वृक्ष भयभीत होकर धरती में क्यों धँस गए?
7. झरने किसके गौरव का गान कर रहे हैं? बहते हुए झरने की तुलना किससे की गई है?
8. निम्नलिखित का भाव स्पष्ट कीजिए -

1. है टूट पड़ा भू पर अंबर
2. -यों जलद-यान में विचर-विचर
था इंद्र खेलता इंद्रजाल।
3. गिरिवर के उर से उठ-उठ कर
उच्चाकांक्षाओं से तरुवर
हैं झाँक रहे नीरव नभ पर
अनिमेष, अटल, कुछ चिंतापर।

Click here to buy Latest Educart Class 10 Books - https://amzn.to/4cw1M5E

# स्पर्श पद्य पाठ-08 कैफ़ी आजमी [कर चले हम फ़िदा ]

---

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

1. क्या इस गीत की कोई ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है?
2. 'सर हिमालय का हमने न झुकने दिया', इस पंक्ति में हिमालय किस बात का प्रतीक है?
3. इस गीत में धरती को दुल्हन क्यों कहा गया है?
4. गीत में ऐसी क्या खास बात होती है कि वे जीवन भर याद रह जाते हैं?
5. कवि ने 'साथियों' संबोधन का प्रयोग किसके लिए किया है?
6. कवि ने इस कविता में किस काफ़िले को आगे बढ़ाते रहने की बात कही है?
7. इस गीत में 'सर पर कफ़न बाँधना' किस ओर संकेत करता है?
8. इस कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए?

निम्नलिखित का भाव स्पष्ट कीजिए

9. साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई
फिर भी बढ़ते कदम को न रुकने दिया
10. खींच दो अपने खूँ से ज़मीं पर लकीर
इस तरफ़ आने पाए न रावन कोई
11. छू न पाए सीता का दामन कोई
राम भी तुम, तुम्हीं लक्ष्मण साथियों

भाषा अध्ययन

12. इस गीत में कुछ विशिष्ट प्रयोग हुए हैं। गीत के संदर्भ में उनका आशय स्पष्ट करते हुए अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए।
कट गए सर, नब्ज़ जमती गई, जान देने की रुत, हाथ उठने लगे
13. ध्यान दीजिए संबोधन में बहुवचन 'शब्द रूप' पर अनुस्वार का प्रयोग नहीं होता; जैसे भाइयो, बहिनो, देवियो, सज्जनो आदि।

Click here to buy Latest Educart Class 10 Books - https://amzn.to/4cw1M5E

# (पूरक पाठ्य पुस्तक संचयन भाग 2)

## संचयन पाठ-01 हरिहर काका

1. कथावाचक और हरिहर काका के बीच क्या संबंध है और इसके क्या कारण हैं?
2. हरिहर काका को महंत और भाई एक ही श्रेणी के क्यों लगने लगे?

3. ठाकुरबारी के प्रति गाँव वालों के मन में अपार श्रद्धा के जो भाव हैं उससे उनकी किस मनोवृत्ति का पता चलता है?
4. अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ रखते हैं। कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
5. हरिहर काका को जबरन उठा ले जाने वाले कौन थे? उन्होंने उनके साथ कैसा व्यवहार किया?
6. हरिहर काका के मामले में गाँव वालों की क्या राय थी और उसके क्या कारण थे?
7. कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि लेखक ने यह क्यों कहा, "अज्ञान की स्थिति में ही मनुष्य मृत्यु से डरते हैं। ज्ञान होने के बाद तो आदमी आवश्यकता पड़ने पर मृत्यु को वरण करने के लिए तैयार हो जाता है।"
8. समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है? इस विषय पर अपने विचार प्रकट कीजिए।
9. यदि आपके आस-पास हरिहर काका जैसी हालत में कोई हो तो आप उसकी किस प्रकार मदद करेंगे?
10. हरिहर काका के गाँव में यदि मीडिया की पहुँच होती तो उनकी क्या स्थिति होती? अपने शब्दों में लिखिए।

Click here to buy Latest Educart Class 10 Books - https://amzn.to/4cw1M5E

## संचयन पाठ-02 सपनों के - से दिन

---

**1.** कोई भी भाषा आपसी व्यवहार में बाधा नहीं बनती - पाठ के किस अंश से यह सिद्ध होता हैं?

**2.** पीटी साहब की 'शाबाश' फ़ौज के तमगों-सी क्यों लगती थी। स्पष्ट कीजिए।

**3.** नयी श्रेणी में जाने और नयी कापियों और पुरानी किताबों से आती विशेष गंध से लेखक का बालमन क्यों उदास हो उठता था?

**4.** स्काउट परेड करते समय लेखक अपने को महत्वपूर्ण आदमी फ़ौजी जवान क्यों समझने लगता था?

**5.** हेडमास्टर शर्मा जी ने पीटी साहब को क्यों मुअत्तल कर दिया?

**6.** लेखक के अनुसार उन्हें स्कूल खुशी से भागे जाने की जगह न लगने पर भी कब और क्यों उन्हें स्कूल जाना अच्छा लगने लगा?

**7.** लेखक अपने छात्र जीवन में स्कूल से छुट्टियों में मिले काम को पूरा करने के लिए क्या-क्या योजनाएँ बनाया करता था और उसे पूरा न कर पाने की स्थिति में किसकी भाँति 'बहादुर' बनने की कल्पना किया करता था?

**8.** पाठ में वर्णित घटनाओं के आधार पर पीटी सर की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**9.** विद्यार्थियों को अनुशासन में रखने के लिए पाठ में अपनाई गई युक्तियों और वर्तमान में स्वीकृत मान्यताओं के संबंध में अपने विचार प्रकट कीजिए।

**10.** बचपन की यादें मन को गुदगुदाने वाली होती हैं विशेषकर स्कूली दिनों की। अपने अब तक के स्कूली जीवन की खट्टी-मीठी यादों को लिखिए।

**11.1** प्राय अभिभावक बच्चों को खेल-कूद में ज़्यादा रूचि लेने पर रोकते हैं और समय बरबाद न करने की नसीहत देते हैं। बताइए - खेल आपके लिए क्यों ज़रूरी हैं?

**11.2** प्राय अभिभावक बच्चों को खेल-कूद में ज़्यादा रूचि लेने पर रोकते हैं और समय बरबाद न करने की नसीहत देते हैं बताइए - आप कौन से ऐसे नियम-कायदों को अपनाएँगे जिससे अभिभावकों को आपके खेल पर आपत्ति न हो।

Click here to buy Latest Educart Class 10 Books - https://amzn.to/4cw1M5E

## संचयन पाठ-03 टोपी शुक्ला

---

1. इफ़्फ़न टोपी शुक्ला की कहानी का महत्त्वपूर्ण हिस्सा किस तरह से है?
2. इफ़्फ़न की दादी अपने पीहर क्यों जाना चाहती थीं?
3. इफ़्फ़न की दादी अपने बेटे की शादी में गाने-बजाने की इच्छा पूरी क्यों नहीं कर पाई?
4. "अम्मी" शब्द पर टोपी के घरवालों की क्या प्रतिक्रिया हुई?
5. दस अक्तूबर सन् पैंतालीस का दिन टोपी के जीवन में क्या महत्त्व रखता है?
6. टोपी ने इफ़्फ़न से दादी बदलने की बात क्यों कही?
7. पूरे घर में इफ़्फ़न को अपनी दादी से विशेष स्नेह क्यों था?
8. इफ़्फ़न की दादी के देहांत के बाद टोपी को उसका घर खाली-सा क्यों लगा?
9. टोपी और इफ़्फ़न की दादी अलग-अलग मजहब और जाति के थे पर एक अनजान अटूट रिश्ते से बँधे थे। इस कथन के आलोक में अपने विचार लिखिए।

10.1 टोपी नवीं कक्षा में दो बार फ़ेल हो गया। बताइए - ज़हीन होने के बावजूद भी कक्षा में दो बार फ़ेल होने के क्या कारण थे?

10.2 टोपी नवीं कक्षा में दो बार फ़ेल हो गया। बताइए -
एक ही कक्षा में दो-दो बार बैठने से टोपी को किन भावनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ा?

10.3 टोपी नवीं कक्षा में दो बार फ़ेल हो गया। बताइए -
टोपी की भावात्मक परेशानियों को मद्देनज़र रखते हुए शिक्षा व्यवस्था में आवश्यक बदलाव सुझाइए?

11. इफ़्फ़न की दादी के मायके का घर कस्टोडियन में क्यों चला गया?

Click here to buy Latest Educart Class 10 Books - https://amzn.to/4cw1M5E

EduCart

CLASS 10
BOOKS

#SahiPractice ZarooriHai!




EduCart Books:

- Question Banks & Sample Papers
- Latest Syllabus & Paper Pattern
- NCERT Textbooks with Solutions

BUY
at special discount

www.educart.co